No. of Printed Pages : **6**

**9106**

Register Number | | | | | | | |

# Language — Part I — HINDI

Time Allowed : 3.00 Hours ] [ Maximum Marks : 90

**सूचना :** (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न–पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई भी कमी नज़र आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीली** या **काली** स्याही का उपयोग करें।

**भाग - I / PART - I**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **सही** विकल्प चुनकर लिखिए। **14x1=14**

Choose the **correct** answer.

**1.** कबीरदास के पिता का नाम __________ था।

(क) गुरू (ख) दयानंद (ग) नीरू

**2.** सूरदास का भेंट __________ से हुआ।

(क) परमानंद (ख) वल्लभाचार्य (ग) भारती

**3.** "स्वदेश प्रेम" __________ काव्य संग्रह से ली गई है।

(क) स्वप्न (ख) मिलन (ग) रमैनी

**4.** सुभद्राकुमारी चौहान की कविताएँ __________ वर्गों में विभाजित किया जाता है।

(क) तीन (ख) चार (ग) दो

**5.** 'स्वतंत्रता का मूल' पाठ के लेखक __________ हैं।

(क) तुलसी (ख) मुक्तिबोध (ग) भारती

**6.** अच्छे मित्र __________ के समान हैं।

(क) राम (ख) औषध (ग) पिता

**7.** राहुल जी के अनुसार दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वस्तु __________ है।

(क) घुमक्कड़ी (ख) भक्ति (ग) पुस्तक

**8.** 'वह चीनी भाई' शब्द चित्र की लेखिका __________ है।

(क) सुभद्राकुमारी चौहान (ख) लक्ष्मी बाई (ग) महादेवी वर्मा

**9.** हल्कू की स्त्री का नाम __________ था।

(क) कला (ख) उमा (ग) मुन्नी

**10.** रामचंद्र __________ वर्ष का था।

(क) 18 (ख) 21 (ग) 12

**11.** पोस्टमास्टर का पहला काम __________ में था।

(क) उलापुर (ख) दिल्ली (ग) उदयपुर

**12.** __________ समास में दोनों पद प्रधान होते हैं।

(क) कर्मधारय (ख) तत्पुरुष (ग) द्वंद्व

**13.** छंद में प्राय: __________ चरण होते हैं।

(क) तीन (ख) चार (ग) दो

**14.** 'जमा खाता' शब्द का अंग्रेज़ी पर्याय __________ है।

(क) Savings Account (ख) Foreign Account (ग) Current Account

## भाग - II / PART - II

### अनुभाग - 1 / SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **3x2=6**

Answer **any three** of the following.

**15.** भगवान की प्रतिज्ञा को सत्य प्रमाणित करने के लिए सूर ने कौन तर्क रखा?

**16.** भारत के अतुलनीय प्रताप, कीर्ति और वैभव के साक्षी कौन-कौन हैं?

**17.** बचपन में लक्ष्मीबाई किस प्रकार का खेल खेलती थी?

**18.** हिमालय कविता के कवि कौन हैं?

### अनुभाग - 2 / SECTION - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x2=4**

Answer **any two** of the following.

**19.** श्रम करनेवाला क्या माना जाता है?

**20.** मरने मारने की तालीम देने में सरकार को कितने महीने लगते थे?

**21.** सफल व्यापारी को अपनी वस्तुओं के प्रचार के लिए कौन-सा चक्रव्यूह रचना पड़ता है?

### अनुभाग - 3 / SECTION - 3

निम्नलिखित में से **किन्हीं सात** प्रश्नों का उत्तर लिखिए। **7x2=14**

Answer **any seven** of the following.

**22.** पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(अ) त्याग

(आ) शिक्षक

**23.** समास का विग्रह करके नाम बताइए।

(अ) माता-पिता

(आ) तुलसीकृत

**24.** अंग्रेज़ी रूप लिखिए।

(अ) पुस्तकपाल

(आ) गोपनीय

(इ) विदेश मंत्रालय

(ई) प्रबंधक

**25.** रेखांकित शब्द का पद परिचय दीजिए।

मेरी छोटी बहन अभी स्कूल से आई है।

**26.** शुद्ध कीजिए।

(अ) रोहन ने रोटी खाया।

(आ) मैंने को जाना है।

**27.** यमक अलंकार किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए।

**28.** हज़ारासिंह और बोधसिंह कौन थे?

**29.** प्रेमचंद का असली नाम क्या था?

**30.** किसकी शादी तय हो गई थी?

## भाग - III / PART - III

## अनुभाग - 1 / SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x4=8**

Answer **any two** of the following questions.

**31.** सूरदास क्यों ईश्वर विरोधी के संग को छोड़ने की बात कहते हैं?

**32.** विमुक्त देशवासी की उपमा के द्वारा कवि युवकों में देश प्रेम की भावना कैसे जगाता है?

**33.** आज़ादी के पहले रचित 'नाचेंगे हम' कविता में सुब्रह्मण्य भारती की दूरदर्शिता है - व्यक्त कीजिए।

**34.** कवि माखनलाल चतुर्वेदी का परिचय दीजिए।

## अनुभाग - 2 / SECTION - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x4=8**

Answer **any two** of the following.

**35.** संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

इस के लिए अनुभव, शिक्षा और सत्यपरामर्श की आवश्यकता है।

**36.** स्वतंत्रता के मूल्यों को कैसे प्रतिस्थापित किया जा सकता है ?

**37.** किन-किन लोगों से मित्रता नहीं रखनी चाहिए ?

**38.** घुमक्कड़ी कौन कर सकता है - पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

## अनुभाग - 3 / SECTION - 3

**किन्हीं तीन** प्रश्नों का उत्तर लिखिए। **3x4=12**

Answer **any three** of the following.

**39.** सही जोड़ मिलाइए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | पता नहीं | - | रामनाथ सुमन |
| (ख) | वल्लभ भाई पटेल | - | अमरकांत |
| (ग) | उसने कहा था | - | गजानन माधव मुक्तिबोध |
| (घ) | दोपहर का भोजन | - | चन्द्रधर शर्मा गुलेरी |

**40.** अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

(अ) समझौता करना

(आ) कायापलट करना

**41.** अपने साइकिल चोरी हो जाने की रिपोर्ट लिखते हुए पुलिस इन्स्पेक्टर को पत्र लिखिए।

**42.** श्लेष अथवा रूपक अलंकार उदाहरण सहित समझाइए।

**43.** दोहा अथवा रोला छंद उदाहरण सहित समझाइए।

## भाग - IV / PART - IV

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए। **3x6=18**

Answer the following questions in detail.

**44.** (अ) 'पता नहीं' कविता का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

शाहजहाँ के शासन काल में भारत बहुत उन्नत और वैभवशाली था। देश-भर में शांति थी, शाहजहाँ बहादुर ही न था, बल्कि न्यायप्रिय और कला-प्रेमी भी था। उसे नई-नई इमारतें बनवाने का बड़ा ही शौक था। आगरा का ताज़महल, मोती मस्जिद, दिल्ली का लाल किला और जामा मस्ज़िद उसी ने बनवाए थे। ताजमहल संसार की सुंदर इमारतों में से एक है। यह यमुना नदी के किनारे पर स्थित है और सफ़ेद संगमरमर का बना हुआ है। शाहजहाँ ने अपने पुत्र औरंगज़ेब से यह विनती की कि उसे ऐसी जगह रखा जाए जहाँ से वह सदा ताजमहल को देख सके। आठ-नौ वर्ष के बाद शाहजहाँ की मृत्यु हो गई। उसे उसकी बेग़म मुमताज़ के पास ताजमहल के अंदर दफ़ना दिया गया।

**प्रश्न :**

(i) शाहजहाँ के शासन काल में भारत की क्या दशा थी ?

(ii) शाहजहाँ में क्या-क्या खूबियाँ थी ?

(iii) साबित करो कि शाहजहाँ को इमारत बनवाने का बड़ शौक था।

(iv) शाहजहाँ ने औरंगज़ेब से क्या प्रार्थना की ?

**45.** (अ) 'प्रदूषण' पर एक अनुच्छेद लिखिए।

**अथवा**

(आ) वल्लभ भाई पटेल के जीवन के बारे में लिखिए।

**46.** (अ) अमृतसर बाज़ार में हुई घटना का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

(आ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए।

Major portion of earth is desert. Except sand nothing can be seen here. In the desert, camel is a very useful animal. It is called 'Ship of the desert'. A good camel can walk a distance of 100 kms in a day. It can remain without water continuously for eight days.

## भाग - V / PART - V

कंठस्थ भाग : **( अनिवार्य प्रश्न )** **1x6=6**

Quote from memory : **(Compulsory)**

**47.** कबीर के कोई तीन दोहे लिखिए।

**- o O o -**